भारत सरकार

शिक्षा मंत्रालय

स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या-1063**

उत्तर देने की तारीख-10/02/2025

**केवी सीआईएसएफ दुर्ग, छत्तीसगढ़ में कक्षा 11 के लिए शुरू किए गए नए विषय**

1063. **श्री विजय बघेल:**

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) छत्तीसगढ़ में दुर्ग संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के केन्द्रीय विद्यालय में ग्यारहवीं कक्षा में वर्तमान में कितने विषय पढ़ाए जा रहे हैं; और

(ख) सरकार द्वारा उपरोक्त केन्द्रीय विद्यालय में 11वीं कक्षा हेतु कला वर्ग में शुरू किए गए नए विषयों का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री**

**(श्री जयन्त चौधरी)**

(क) और (ख) केन्द्रीय विद्यालय संगठन (केविसं) से प्राप्त जानकारी के अनुसार, वर्तमान में, तीन केवि नामतः केवि बीएमवाई भिलाई, केवि दुर्ग और दुर्ग संसदीय क्षेत्र में केवि सीआईएसएफ भिलाई सहित 36 केन्द्रीय विद्यालय (केवि) छत्तीसगढ़ राज्य में कार्यात्मक हैं। केवि सीआईएसएफ, भिलाई संबंधित प्रायोजक प्राधिकरण द्वारा प्रदान किए गए अस्थायी भवन में कक्षा-11 हेतु विज्ञान संकाय के साथ संचालित हो रहा है और इसके आगे विस्तार की कोई गुंजाइश नहीं है क्योंकि इस केवि में कक्षा-11 हेतु कला संकाय शुरू करने के लिए वर्तमान में कोई अतिरिक्त कक्षा-कक्ष उपलब्ध नहीं हैं।

*****